प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

29 अगस्त, 2020 गोरखपुर ।

रक्तदान शिविर का आयोजन।

हजरत सैयदना इमाम हुसैन व उनके साथियोने ने कर्बला के मैदान में इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी दी थी ।उन्ही की याद में हमदर्द सोसईटी द्वारा गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा जिस प्रकार इमाम हुसैन ने अपने साथियो के साथ कुर्बानी दे कर इंशानियत की रक्षा की आज के समय में स्वरक्तदाताओ द्वारा रक्त दान कर जनकल्याण में अपनी अहम् भूमिका का जो अविस्मर्णीय निर्वहन किया है वह अनुकरणीय एवं वंदनीय है। डॉ.अग्रवाल ने युवाओ से रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नियमित रक्तदान कर मानव सेवा के लिए अपना अनूठा योगदान देने की अपील की। वहीं इस अवसर पर गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष श्री जशपाल सिंह जी ने कहा आज के दौर में युवाओ को रक्त दान के क्षेत्र में आगे आने से बहुत सारे मरीजो के प्राणों की रक्षा रक्त द्वारा हो रही है। इसी के साथ रक्तदान शिविर में हमदर्द संस्था के अध्यक्ष नेहाल अहमद के साथ मोहम्मद अनस अंशरी,मोहम्मद जाहिद, जावेद अख्तर, शैफ अली,आविद अंशरी, मोहम्मद साहिब

आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जयसवाल ने सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन आदि दिया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण , हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारी , चिकित्सक, नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।